# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र
# वर्ष –2024
# लेखाशास्त्र (432)
# कक्षा–12

समयः 3 घण्टा                                                                 पूर्णांकः 80

## खण्ड (क)

**निर्देशः** (i) यह प्रश्नपत्र तीन भागों में विभक्त हैः क, ख और ग।

**(ii)** भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

**(iii)** भाग 'ख' और 'ग' में से कोई एक भाग हल करना है।

(iv) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या 1 तथा 18 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

(vii) इस प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

**बहुविकल्पीय प्रश्नः–**

प्रश्न 1.

(i) नये साझेदार के द्वारा ख्याति की राशि नकद लाने को कहते हैं– 1

(क) सम्पत्ति (ख) लाभ (ग) अधिमूल्य (घ) दायित्व

**(ii)** .सुरेश एवं रमेश एक फर्म के साझेदार हैं जो 3:1 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते हैं। 1 जुलाई,2017 को उनकी स्थिर पूँजी क्रमशः रू0 20000 तथा 10000 थी। उसी तिथि को महेश ने 1/4 लाभ के लिए रू0 10000 पूँजी तथा रू0 3000 ख्याति को देकर साझेदारी में प्रवेश किया। उसने 1/6 हिस्सा सुरेश से और 1/12 हिस्सा रमेश से प्राप्त किया। सुरेश और रमेश का ख्याति में हिस्सा होगाः– 1

(क) सुरेश–3000: रमेश–2000 (ख) सुरेश– 5000: रमेश–3000

(ग) सुरेश– 1000: रमेश–2000 (घ) सुरेश– 2000: रमेश– 1000

**(iii)**.गोविन्द, हरी और प्रताप साझेदार हैं। गोविन्द की सेवानिवृत्ति पर चिट्ठे में ख्याति को रू0 24000 पहले ही दर्शाया गया है। ख्याति को अपलिखित किया जाएगा– 1

(क) सभी साझेदारों के पूँजी खातों को उनके पुराने लाभ–विभाजन अनुपात में डेबिट करके।

Downloaded from cclchapter.com

(ख) शेष साझेदारों के पूँजी खातों को उनके नये लाभ–विभाजन अनुपात में डेबिट करके।
(ग) सेवानिवृत्ति साझेदार के पूँजी खाते को उसके भाग की ख्याति में डेबिट करके।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

**(iv). कथन (क)**– पुर्नमूल्यांकन खाते पर लाभ और हानि आने वाले साझीदार के पूंजी खाते में स्थानान्तरित नही की जाती है। 1

**कारण (ख)**– किसी साझेदार के प्रवेश के समय पुर्नमूल्यांकन पर लाभ और हानि पूर्व प्रवेश से सम्बन्धित है, इसलिए पुराने भागीदार से सम्बन्धित है।

a) (क) और (ख) दोनों सत्य हैं और (ख) (क) का स्पष्टीकरण है।
b) (क) और (ख) दोनों सत्य हैं और (ख) (क) का स्पष्टीकरण नही है।
c) (क) सत्य है और (ख) असत्य है।
d) (क) असत्य है और (ख) सत्य है।

**(v)** . जब्त किये गये अंशों के पुनः निर्गमन के पश्चात् अंश हरण खाते के शेष को किसमें हस्तान्तरित कर दिया जाता है? 1

(क) लाभ–हानि खाता (ख) पूँजी संचय खाता
(ग) सामान्य संचय खाता (घ) इनमें से कोई नहीं

**(vi)** . बैंक से लिए गए ऋण के लिए ऋण पत्रों को सहायक प्रतिभूति के रूप में निर्गमन किये जाने पर किस खाते को डेबिट किया जायेगा– 1

(क) बैंक खाता (ख) बैंक ऋण खाता
(ग) ऋण पत्र–खाता (घ) ऋण पत्र उचन्ती खाता

**(vii). कथन (क)**– साझेदार लाभ को लाभ–हानि अनुपात में वितरित करते है, पूंजी अनुपात में नही। 1

**कारण (ख)**– यदि विनियोग की धनराशि उपलब्ध लाभ की धनराशि से अधिक है तो लाभ को विनियोग अनुपात में वितरित किया जायेगा।

e) (क) और (ख) दोनों सत्य हैं और (ख) (क) का स्पष्टीकरण है।
f) (क) और (ख) दोनों सत्य हैं और (ख) (क) का स्पष्टीकरण नही है।
g) (क) सत्य है और (ख) असत्य है।
h) (क) असत्य है और (ख) सत्य है।

**viii)** . कम्पनी किसके द्वारा निर्मित की जाती है– 1

(क) पूर्वाधिकार अंश धारक (ख) प्रमोटर द्वारा

Downloaded from cclchapter.com

(ग) कानून द्वारा (घ) ऋण पत्र धारी द्वारा

***अति लघु–उत्तरीय प्रश्नः–**

प्रश्न–2. सामान्य संचय हस्तान्तरित करने की रोजनामचा प्रविष्टि लिखिए। 1

प्रश्न–3. अग्रिम मॉग अंश पूॅजी का भाग है। (सत्य/असत्य) 1

प्रश्न–4. SEBI के अनुसार, स्वैट समता अंशों को निर्गमन की तिथि से – वर्षो के अन्दर बेचा नहीं जा सकता। (3 वर्ष/5 वर्ष) 1

प्रश्न–5. कोई भी कम्पनी ऐसा ऋण पत्र निर्गमित नहीं कर सकती है जिस पर वोट देने का अधिकार हो। (सत्य/असत्य) 1

***लघु उत्तरीय प्रश्नः–**

प्रश्न 6. आदर्श साझेदारी के दो मुख्य तत्व का वर्णन कीजिए। 2

प्रश्न 7.आप आहरण पर ब्याज की गणना किस प्रकार करेंगे यदि एक स्थिर राशि प्रत्येक तिमाही के पहले दिन आहरित की जाती है। 2

प्रश्न 8. प्रारम्भिक सार्वजनिक आमन्त्रण/प्रस्ताव क्या है? 2

प्रश्न 9. कपिल ने रू0 10 वाले 3000 अंशों के लिए आवेदन–पत्र दिया था। उसे 2000 अंश आवंटित किए गये थे । उसने आवेदन–पत्र पर रू0 3 प्रति अंश दिए थे, किन्तु आवंटन राशि रू0 2.50 प्रति अंश की दर से नहीं दिया। इन अंशों का हरण कर लिया गया। हरण की जर्नल प्रविष्टि कीजिए। 2

***लघु उत्तरीय प्रश्नः–**

प्रश्न 10–: मीना और एकता एक फर्म में साझेदार हैं। 31 मार्च, 2018 को उनकी पूॅजी क्रमशः रू0 360000 और 250000 थी । वर्ष 2017 के दौरान मीना और एकता के आहरण क्रमशः रू0 60000 तथा रू0 50000 थे। पूॅजी पर ब्याज लगाने से पूर्व वर्ष का लाभ रू0 240000 था। 31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 10 % की दर से पूॅजी पर ब्याज की गणना कीजिए। 4

प्रश्न 11–: फर्म का विघटन किन परिस्थितियों में हो सकता है? विघटन होने पर फर्म के खाते किस प्रकार बंद किए जाते है? 4

प्रश्न 12–:X लिमिटिड़ में रू0 4 प्रति अंश अन्तिम याचना अदत्त रहने के कारण रू0 10 वाले 1000 अंशों को जब्त किया। इनमें से केवल 600 अंशों को रू0 7 प्रति अंश की दर से पूर्ण दत्त रूप में पुनः निर्गमित किया गया। जब्ती एवं पुनः निर्गमन हेतु जर्नल प्रविष्टियॉ दीजिए। 4

प्रश्न 13–: अमित लि0 ने सुनील लि0 की सम्पत्तियों को निम्नवत खरीदा– रू0 20,00000 के संयत्र को रू0 1800000 में, रू 3000000 की भूमि एवं भवन को रू 4200000 में क्रय प्रतिफल रू0 5500000 । रू0 1000000 नकद चुकाए गये और बाकी का भुगतान रू0 100

Downloaded from cclchapter.com

वाले 8% ऋण –पत्रों को 20 % प्रीमियम पर निर्गमन के द्वारा किया गया। अमित लि0. की पुस्तकों में आवश्यकता जर्नल प्रविष्टियॉ कीजिए। 4

***दीर्घ– उत्तरीय प्रश्नः–**

प्रश्न 14. P और Q साझेदार हैं जो 1:4 के अनुपात में लाभ–हानि का विभाजन करते हैं। 31 मार्च, 2017 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था। 6

| दायित्व | रू0 | सम्पत्तियॉ | रू0 |
|---|---|---|---|
| देय बिल कर्मचारी भविष्य निधि | 16000<br>4000 | बैंक | 14,000 |
| | | विविध देनदार रू0 32000 | 30,000 |
| सामान्य संचय | 10,000 | (–) प्रावधान 2000 | 18,000 |
| पॅूजीः | | निवेश | |
| P- रू050000 | | उपस्कर (फर्नीचर) | 80,000 |
| Q–रू0100000 | 1,50,000 | भूमि एवं भवन | 38,000 |
| | 1,80,000 | | 1,80,000 |

1 अप्रैल, 2017 की उन्होने F को नीचे लिखी शर्तों पर साझेदारी में प्रवेश देने का निर्णय लिया।

(i)F को लाभ में 2/7 हिस्सा प्राप्त होगा।

(ii) Fरू0 80,000 पॅूजी के रू॰ में लायेगा और साझेदारी में प्रीमियम के तौर पर रू0 40,000 व्यक्तिगत रूप से चुकायेगा।

(iii) फर्नीचर का पुस्तक मूल्य रू0 22000 से घटाया जायेगा।

(iv) सामान्य संचय का 20% संदिग्ध ऋणों के प्रावधान के रूप में रहना है।

(v) निवेश का मूल्य 10% से कम मूल्यांकित किया गया है।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पॅूजी खाते तथा नई फर्म का आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

प्रश्नः 15 साझेदारी खातों के सम्बन्ध में साझेदारी अधिनियम के मुख्य प्रावधानों को बताइये यदि साझेदारी संलेख ना हो। 6

प्रश्नः 16: एक फर्म के विघटन पर निम्नलिखित लेन–देनों के लिए क्या जर्नल प्रविष्टियां की जायेंगी जबकि विभिन्न सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) एवं तीसरे पक्ष की देयताओं को वसूली खाता में हस्तान्तरित किया जा चुका हैः 6

(i)साझेदार A ने 50% रहतियों को 25% की कटौती पर लिया (पुस्तक मूल्य रू0 20,000)

(ii) शेष रहतियों को 10% की हानि पर बेचा गयाा।

(iii) फर्म के एक कर्मचारी को क्षतिपूर्ति के लिए रू0 40,000 चुकाए।

(iv) 5,000 रू0 की एक अलिखित सम्पत्ति थी जिसे B ने रू0 4000 पर लिया।

Downloaded from cclchapter.com

(v) साझेदार A ने श्रीमती "अ" के रू0, 5000 के ऋण को भुगतान हेतु लिया।

प्रश्न 17. इम्पैकस लि0 ने रू0 10 प्रति अंश के 6,000 अंशों को जो रू0 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किए गये थे, रू0 3 प्रति अंश की अन्तिम याचना राशि का भुगतान न करने पर हरण कर लिए। हरण किये गये अंशों में से 300 अंशों को रू0 8 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया। अंशों के हरण तथा पुनः निर्गमन की आवश्यकता पर रोजनामच प्रविष्टियॉ कीजिए। साथ ही अंशहरण खाता भी तैयार कीजिए। 6

## खण्ड (ख)

18(क) वित्तीय विवरण होते हैं– 1

(i) प्रत्याशित तथ्य

(ii) अभिलेखित तथ्य

(iii) अनुमानित तथ्य

(iv) उपरोक्त में से कोई नही

(ख). वित्तीय स्थिति अनुपात को सामान्यतः प्रदर्शित किया जाता है– 1

(i) साधारण अनुपात

(ii) प्रतिशत

(iii) गुना

(iv) उपरोक्त में से कोई नही

19. रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करते समय एकस्व की बिक्री से प्राप्त आगम को किस प्रकार की गतिविधि के अन्तर्गत करेंगे? 1

20. विनियोग पर प्रत्याय की गणना किस प्रकार की जाती है? 1

21. संचालन अनुपात निकालिए–

| | | |
|---|---|---|
| (बिक्री)– | ₹ 4,20,000 | |
| (बेचे गए माल की लागत) | ₹ 25000 | |
| (परिचालन व्यय) | ₹250000 | |
| (विक्रय वापसी) | ₹20000 | 2 |

Downloaded from cclchapter.com

22. निम्नलिखित विवरणों से स्टांक आवर्त अनुपात तथा देनदार आवर्त अनुपात परिकलित कीजिए:)

| | |
|---|---|
| (वार्षिक विक्रय) | ₹2,00,000 |
| (सकल लाभ) | ₹25% on cost |
| (प्रारम्भिक रहतिया) | ₹ 38500 |
| (अन्तिम रहतिया) | ₹ 41500 |
| (उधार विक्रय) | ₹ 60000 |
| (देनदार) | ₹ 5000 |
| (प्राप्त बिल) | ₹ 5000 |

4

23.(निम्नलिखित सूचनाओं से परिचालन क्रिया का रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिएः–) 4

| | |
|---|---|
| (चालू वर्ष का शुद्ध लाभ) | ₹ 100000 |
| (सामान्य संचय में हस्तान्तरण) | ₹ 10000 |
| (देनदार में कमी) | ₹25000 |
| (देय विपत्रों में कमी) | ₹20000 |
| (अपलिखित अंशों पर बट्टा) | ₹5000 |
| (स्टाक में वृद्धि) | ₹18000 |
| (मशीन बेचने पर हानि) | ₹12000 |
| (विनियोग बेचने पर लाभ) | ₹4000 |

Downloaded from cclchapter.com

24. (31 मार्च 2018 को अभिषेक कं0 का आर्थिक चिट्ठा इस प्रकार था) 6

| समता एवं देनदारियाँ | ₹ |
|---|---|
| 1.(i) अंशधारी कोष | |
| (a) अंश पूंजी | 1,60,000 |
| (b) संचय एवं अधिक्य | 48,000 |
| (ii) गैर–चालू देनदारियाँ ऋणपत्र | 40,000 |
| (iii) (चालू देनदारियाँ) | 72,000 |
| कुल योग | 3,20,000 |
| 2. सम्पत्तियाँ | ₹ |
| (i) गैर चालू सम्पत्तियाँ | 1,70,000 |
| (ii) चालू सम्पत्तियाँ | 1,50,000 |
| कुल योग | 3,20,000 |

(निम्नलिखित अनुपातों की गणना कीजिए।)

.(i) ऋण–समता अनुपात

(ii) कुल सम्पत्ति–ऋण अनुपात

(iii) स्वामित्व अनुपात

अथवा

अनुपात विश्लेषण की क्या सीमाएँ है? इन सीमाओं का वर्णन कीजिए।

## खण्ड (ग)

**बहुविकल्पीय प्रश्नः–**

प्रश्न 18(क)– स्वचलित गणना को प्रदर्शित करने का फलस्वरूप निम्न में से किस कार्य का है। 1

(i) योग और औसत (ii) अधिकतम और औसत

(iii) योग्य और औसत (iv) न्यूनतम और रिक्त

(ख)– एक्सल (excel) में चार्ट टूल फॉर्मेटिंग के लिए तीन........................,...................... और .......................... विकल्प प्रदान करें। 1

(i) लेआउट, प्रारूप, डेटानिर्माता

(ii) रचना, लेआउट, प्रारूप

(iii) प्रारूप, लेआउट, लेबल

(iv) रचना, डेटानिर्माता, लेआउट

Downloaded from cclchapter.com

***अति लघुउत्तरीय– प्रश्नः–**

**प्रश्न** 19– शून्य त्रुटि क्या है? 1

प्रश्न 20– किसी खाते को आवंटित कोड में पहले अंक का क्या मतलब है? 1

**लघुउत्तरीय–प्रश्नः–**

प्रश्न 21–लेखांकन चक्र में चरण क्या है? 2

***लघुउत्तरीय– प्रश्नः–**

प्रश्न 22– CAS में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कोड क्या है? 4

प्रश्न 23–लेखांकन सूचना प्रणाली (ए0 आई एस) की विभिन्न उप प्रणलियों को दर्शाने वाला चार्ट बनाइए। **4**

***दीर्घउत्तरीय– प्रश्नः–**

प्रश्न 24–डेटा और सूचना के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए? 6

अथवा

डेटा एन्क्रिप्शन क्या है, CAS की सुरक्षा विशेषताएं स्पष्ट कीजिए?

Downloaded from cclchapter.com